

# प्रसूता की मौत के मामले ने पकड़ा तूल

## जिला अस्पताल में ऑपरेशन के पूर्व प्रसूता की मौत के आरोपों में घिरी महिला चिकित्सक को जांच होने तक कार्यमुक्त करने उठी मांग



फाओअप

**सीधी 16 जुलाई। प्रसूता की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जिला अस्पताल सीधी में आपरेशन के पूर्व प्रसूता की मौत के आरोपों में घिरी महिला चिकित्सक को जांच होने तक कार्यमुक्त करने मांग उठी है।**

दरअसल सीधी जिला गर्भवती महिलाओं की मृत्य दर को लेकर लगातार सवालों के घेरे में है। एक बार फिर सोनाखांड निवासी गर्भवती महिला दयावती जायसवाल की मृत्यु ने स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न चिन्ह खड़े कर दिये हैं। परिजनों एवं स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय पर उचित चिकित्सकीय निर्णय एवं डिलेवरी न किये जाने के कारण यह दु:खद घटना हुई। यदि इन आरोपों में सत्यता है तो यह केवल एक परिवार की क्षति नहीं बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र बड़ी विफलता है। मांग की जा रही है कि इस मामले में संबंधित महिला डॉक्टर सुनीता तिवारी की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिये। जांच पूर्ण होने तक उन्हें कार्यभार से पृथक किया जाय तथा दोष सिद्ध होने पर उन्हें कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। आपरेशन थियेटर का वीडियो भी सामने आया है।

### सीएमएचओ कार्यालय घेराव की दी गई चेतावनी



शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा है कि मैं स्वयं घटना स्थल एवं संबंधित घटनाक्रम के दौरान मौजूद रहा और पीड़ित परिवार की पीड़ा को करीब से देखा है। संबंधित महिला डॉक्टर सुनीता तिवारी की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिये। जांच पूर्ण होने तक उन्हें कार्यभार से पृथक किया जाय। मामले में निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो जनहित में सीएमएचओ कार्यालय का घेराव एवं लोकतांत्रिक आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

# विकास कार्यों में लापरवाही न बरती जाए : धर्मेन्द्र

## जनपद पंचायत सीधी की सामान्य सभा की बैठक आयोजित




नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जुलाई। जनपद पंचायत सीधी की सामान्य सभा की बैठक गुरुवार को जनपद पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार ने की।**

बैठक में जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष इंजीनियर सुमन सिंह, जनपद सदस्य, सीईओ चंदूलाल पनिका सहित विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं जनहित के मुद्दों को बैठक में प्रमुखता से उठाया, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र परिहार ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की सभी योजनाओं एवं विकास कार्यों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## बच्चों का नि:शुल्क हृदय रोग शिविर कल

**सीधी 16 जुलाई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार खरे ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर के सहयोग से 18 जुलाई 2026 को जिला चिकित्सालय सीधी के डीईआईसी में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क हृदय रोग जांच एवं उपचार शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक चलेगा। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों के हृदय रोगों की जांच, परामर्श एवं आवश्यकतानुसार आगे के उपचार की व्यवस्था की जाएगी। यदि बच्चे को बार-बार बुखार आना, सांस लेने में तकलीफ, शारीरिक एवं मानसिक विकास रुकना, खेलते समय चक्कर आना या जल्दी थकना, शरीर का रंग नीला पड़ना या अत्यधिक कमजोर होना जैसे लक्षण हैं तो अभिभावक उन्हें शिविर में लेकर आएं। शिविर में जांच के लिए अभिभावक अपने साथ राशन कार्ड, वोटर आईडी, आधार कार्ड, समग्र आईडी या आयुष्मान कार्ड की छायाप्रति, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, 3 पासपोर्ट साइज फोटो एवं पूर्व की सभी जांच रिपोर्ट साथ लाएं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.खरे ने जिले के समस्त अभिभावकों, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक पात्र बच्चों को शिविर तक लाएं ताकि समय पर पहचान कर उचित उपचार मिल सके। पंजीयन एवं जानकारी के लिए डीईआईसी, जिला चिकित्सालय सीधी से संपर्क किया जा सकता है।

# न्यायालय के आदेश पर कुछ घंटे सील रहा ईई कार्यालय

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जुलाई। न्यायालय के आदेश पर कार्यपालन यंत्री महान नहर संभाग सीधी का कार्यालय सील करने की कार्रवाई हुई। कार्यालय के सील होते ही हड़कम्प मच गया और कुछ घंटे के अंदर ही मुआवजे की राशि न्यायालय में जमा करा दी गई। लिहाजा कार्यालय फिर से खोल दिया गया।**



मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय रवीन्द्र कुमार शर्मा तृतीय जिला न्यायाधीश सीधी म.प्र. द्वारा आदेश 21 का नियम 54 के अंतर्गत प्रकरण क्रमांक ईएक्स बी/1600016/2016 श्रीमती सुमित्रा बाई बनाम म.प्र. शासन वगैरह एवं प्रकरण क्रमांक ईएक्स बी/1600017/2016 आशीष कुमार बनाम म.प्र. शासन वगैरह में यह कार्रवाई की गई। न्यायालय के आदेशानुसार कार्यपालन यंत्री महान नहर संभाग सीधी का पड़रा स्थित कार्यालय न्यायालय के आदेश के परिपालन में दिनांक 14 जुलाई 2026 को सील कर दिया गया। न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा सील की कार्रवाई की गई थी।

# सरस्वती मड़रिया में मेधावी छात्राओं के उत्कृष्टता सम्मान का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जुलाई। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया सीधी में आज शिवलाल प्रकाशन के सौजन्य से बोर्ड परीक्षा में प्रांत एवं जिले में स्थान प्राप्त भैया बहनों को सम्मान किया गया।**




इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवानंद सिन्हा विभाग समन्वयक, अध्यक्ष विजय सिंह परिहार, जिला सचिव एवं प्राचार्य राजकुमार सिंह उपस्थित रहे। साथ में बहन अनन्या वर्मा की माता श्रीमती रेखा वर्मा, पूर्व शासकीय प्रधानाध्यापक मृत्युंजय सिंह, शिवलाल प्रशासन के मनीष शर्मा, विनय शर्मा एवं देवेश गुर्जर मंचासीन रहे। इस कार्यक्रम में मनीष शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य रहा है कि उच्च गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री उचित दर में विद्यार्थियों को उपलब्ध हो, साथ में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई प्रदान की। प्राचार्य ने कहा कि महाकौशल प्रांत में 24 जिले हैं उन जिलों में 29 भैया बहनों ने स्थान प्राप्त किए हैं। यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। शिवानंद जी ने कहा कि यदि भैया बहनों को अच्छे संस्कार देना है तो उन्हें सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाना चाहिए। इस कार्यक्रम में शिवलाल प्रकाशन के द्वारा बोर्ड परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त अनन्या वर्मा को 5100 रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार विद्यालय के द्वारा बोर्ड परीक्षा में स्थान प्राप्त अनन्या वर्मा और अनन्या विश्वकर्मा को रुपए 5100 तथा जिला में स्थान प्राप्त जागृति सोनी को 1100 रूपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बृहस्पति प्रसाद मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मीडिया से आनंद अकेला, हर्ष पांडेय, विद्यालय के परीक्षा प्रभारी कप्तान सिंह, प्रधानाचार्य राम शिरोमणि शर्मा, आचार्य राकेश मिश्रा एवं सभी आचार्य एवं दीदियों तथा भैया-बहनों की उपस्थिति सराहनीय रही।

**एक नजर में**

## रोली मेमोरियल में बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वितरित



**सीधी।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रोली मेमोरियल चेरिटेवल ट्रस्ट में रोली सारस्वस्त सम्मान आयोजित किया गया। इसकी मुख्य एसडीएम सुश्री प्रिया पाठक द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में ट्रस्ट के संचालक वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी चंद्र मोहन गुप्ता द्वारा बताया गया कि यह पुरस्कार वितरण पढ़ने वाले 8 वर्ष से 14 वर्ष के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। पुरस्कृत किट में बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल, टिफिन बॉक्स, बोतल, मिठाई इत्यादि सामग्री शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने मुझे बच्चों के इस कार्यक्रम में बुलाया, मैं प्रफुल्लित हूं। छोटे बच्चे हमेशा लाड-प्यार के उत्सुक होते हैं। बच्चों को अगर कुछ दिया जाए तो उनमें अति उत्सुकता दिखाई देती है। वकील साहब को मैं धन्यवाद दूंगी, जिन्होंने बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण करने का सोचा। इस अवसर पर श्रीमती मीना गुप्ता, ट्रस्टी उत्कर्ष गुप्ता एवं फाली गुप्ता, सहयोगी समाजसेवी पुष्पा सिंह, सुनीता सिंह, रितु सिंह, अधिवक्ता गिरिजेश तिवारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए एवं सम्मानित किए गये।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की बैठक 20 को

**सीधी।** 15 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए 20 जुलाई को जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक टी .एल . बैठक के तत्काल बाद आयोजित होगी। अपर कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पुलिस ग्राउंड सीधी में किया जाएगा। समारोह की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों को सौंपे जाने वाले दायित्वों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक में की जाएगी। उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने विभाग से संबंधित तैयारियों एवं कार्ययोजना के साथ बैठक में शामिल हों, ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

## सिंधी पंचायत समिति का भव्य सम्मान समारोह कल

**सीधी।** सिंधी पंचायत समिति सीधी द्वारा शनिवार 18 जुलाई 2026 को सायं 6 :30 बजे इंद्रराज पैलेस सीधी में भव्य सम्मान समारोह एवं सिंधी मेलो का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीधी विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रीती पाठक होंगी। समिति के अध्यक्ष कमल कामदार एवं महामंत्री सुशील अग्रवानी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिंधी समाज के मेधावी विद्यार्थियों, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले समाजजनों तथा समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान करना है। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले समाजजनों का भी सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित सिंधी मेलो में सिंधी संस्कृति एवं परम्परा की मनमोहक झलक देखने को मिलेगी। मेले में सिंधी व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल, पारम्परिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सिंधी गीत-संगीत, समूह नृत्य तथा अन्य मनोरंजक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि यह भी रहेगी कि इसमें रीवा, सतना, मैहर, शहडोल, ब्यौहारी एवं बैढ़न की सिंधी पंचायतों के अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधि मंडल, विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स सतना के अध्यक्ष सहित प्रदेश के विभिन्न नगरों से अनेक गणमान्य अतिथि एवं समाजजन अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सिंधी पंचायत समिति सीधी ने सिंधी समाज के सभी परिवारों से एवं विशेष आमंत्रित अतिथियों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में अपने परिवार सहित शामिल होकर इस भव्य आयोजन का आनंद लें।

# भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की निकली रथ यात्रा, जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जुलाई। भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा आज शाम निकाली गई। रथ पर भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभ्रद और बहन सुभद्रा संग विराजमान थे।**



रथ यात्रा वाले मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ आरती करके भगवान का भोग अर्पण करते हुए पूजा पाठ किया। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा की स्वागत किया, वहीं कुछ ही देर बाद ईश्वरी वर्षा हुई। श्रद्धालु भक्तगण रथ का स्वागत करने जुटे रहे और मुख्य मार्ग होते हुए शोभायात्रा बढ़ते रही। निर्धारित समय से एक घंटा बाद यात्रा का शुभारंभ हुआ। काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचते रहे। साथ ही महिला मंडली भजन कीर्तन करते हुए थिरकते रहीं। रथ यात्रा मुख्य मार्ग पूजा पार्क से अस्पताल चौराहा, सम्राट चौक, सराफा बाजार, पुराना हनुमान मंदिर, फूलमती मंदिर, नई गल्ला मंडी लालता चौराहा, पुराना बस स्टैण्ड, गांधी चौराहा होते हुए पुन: पूजा पार्क पहुंची जहां श्रद्धालु भक्तगण विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और अपने को धन्य किया।



# सीएमएचओ ने सिहावल क्षेत्र की स्वास्थ्य संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जुलाई। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का आंकलन करने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ.अशोक कुमार खरे ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमिलिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरी का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने प्रसूता वार्ड में भर्ती महिलाओं से सीधे संवाद कर संस्थागत प्रसव, प्रसव पश्चात देखभाल तथा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों को दिए जा रहे भोजन एवं पोषण आहार की गुणवत्ता के संबंध में भी फीडबैक लिया तथा आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने वार्डों, प्रसव कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सफाई, पेयजल, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, रोगी पंजीयन एवं उपचार व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता एवं रोगी सुरक्षा के निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोर्टल एंट्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा इसकी नियमित निगरानी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता, आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों की कार्यशीलता एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का भी परीक्षण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने तथा मरीजों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# कृषि एवं पशुपालन भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ : विश्वामित्र पाठक

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जुलाई। जनार्दन पैलेस अमिलिया में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला सह बीज वितरण का कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।**



कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक महेंद्र सिंह ने किसानों को खरीफ सीजन में कृषि के आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी देते हुए मिट्टी का परीक्षण कराकर फसलों का चयन करने की सलाह दी। आर.एस.गुप्ता उप संचालक कृषि ने वितरित किए जा रहे बीजों के सही उपयोग एवं उत्पादन बढ़ाने के बारे में जानकारी दिया साथ ही किसानों को खेती के साथ ही पशुपालनए मछली पालन एवं सब्जी उत्पादन कर आय बढ़ाने की सलाह दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने कहा कि कृषि एवं पशुपालन भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। वर्षों पूर्व से हमारे यहां प्राकृतिक खेती की जाती है एवं जैविक खाद का उपयोग होता रहा है परंतु कुछ वर्षों से अधिक उत्पादन के चक्कर में रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का उपयोग बढ़ा है जिस कारण हमारे खेत बंजर हो रहें हैं। मुख्य अतिथि ने किसानो से प्राकृतिक खेती अपनाने एवं जैविक खाद को बढ़ावा देने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सैकड़ों किसानों को बीज वितरण किया। इस दौरान एसडीएम राकेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम, दलबहादुर सिंह, गजराज सिंह, कृषि अधिकारी राजेश सिंह चौहान, एसडीओ सुंदरलाल साकेत, कपूर चंद्र साहू, घनश्याम गुप्ता, अनिल गुप्ता, संतोष शुक्ला, मुद्रिका प्रसाद मिश्रा, अजय चतुर्वेदी, दद्दी साहू, कृष्ण देव पाण्डेय, पन्नालाल कोल सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

# बंका बैगा के मंचन ने जीवंत किया स्वतंत्रता संग्राम का गौरवशाली इतिहास

## गांधीग्राम में गूंजा जनजातीय स्वाभिमान का स्वर

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जुलाई। वंदे मातरम् राष्ट्रगीत की सार्धशती के अवसर पर आयोजित भारत स्पीक्स थ्रू-थिएटर युवा रंगमंच से राष्ट्र जागरण अभियान के अंतर्गत संगीत नाटक अकादेमी नई दिल्ली एवं इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी के संयुक्त तत्वाधान में 15 जुलाई को ग्राम गांधीग्राम में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बांके लाल उर्फ बंका बैगा के जीवन संघर्ष और बलिदान पर आधारित भव्य रंगमंचीय नाटक बंका बैगा का सफल एवं भावपूर्ण मंचन सम्पन्न हुआ।**



जनजातीय स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत इस आयोजन ने उपस्थित जनसमुदाय को स्वतंत्रता संग्राम के उन अमर सेनानियों की गौरवगाथा से रूबरू कराया, जिनका इतिहास मुख्यधारा के विमर्श में अपेक्षाकृत कम स्थान पा सका है। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इसके पूर्व बंका बैगा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बंका बैगा के पुत्र श्यामलाल बैगा, राज बहादुर बैगा एवं बसंत बैगा, रामभजन बैगा के पुत्र राज बहोर बैगा तथा बंका बैगा के संघर्ष कालीन सहयोगी इंद्रभान जायसवाल का अतिथियों द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का भी अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। गांधीग्राम की गलियों में निकली भव्य कलात्मक जनजागरण रैली इस आयोजन का विशेष आकर्षण रही। स्थानीय लोक कलाकारों ने बैगा सइला जनजातीय नृत्य की अद्भुत एवं मनोहारी प्रस्तुति देकर जनजातीय संस्कृति की जीवंत झांकी प्रस्तुत की। उपस्थित जनसमुदाय ने इन महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष, त्याग और राष्ट्रसेवा को भावपूर्ण स्मरण किया। रैली के उपरांत देशभक्ति से ओत-प्रोत भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को और अधिक ऊर्जावान एवं प्रेरणादायी बना दिया। प्रस्तुति के दौरान दर्शकों की भावनाएं अनेक अवसरों पर उमड़ पड़ीं और पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंद्रशरण सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों के रूप में इंजी.आरबी सिंह, पूजा सिंह कुशराम, पूनम सोनी, सीएल पनिका, अमित सिंह, जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ.बीना मिश्रा सहित ग्रामीणजन, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

### नाटक में इन्होंने निभाई भूमिका

नाटक में देवेन्द्र तिवारी ने बंका बैगा, लकी चतुर्वेदी ने चंद्रप्रताप तिवारी एवं बेउहर, जय सिंह ने रामभजन बैगा, अमितेश द्विवेदी ने डॉ .राममनोहर लोहिया एवं पबाईदार, प्रभात कुमार पटेल ने ददई सिंह, हिमांशु मिश्र ने जमुना प्रसाद शास्त्री, अकुंश पाण्डेय ने कलेक्टर एवं मुखिया, ओमकार पाण्डेय ने बंसपति राम शुक्ला, जगदेव सिंह, जनार्दन शुक्ला एवं सबाईलाल, वतन द्विवेदी ने सूत्रधार-1, शुभ सिंह ने सूत्रधार-2, राम किशन साकेत ने भगबत, आकाश प्रजापति ने पीए तथा शिव बहोर जायसवाल ने यदुनाथ सिंह की भूमिका का प्रभावी निर्वहन किया। समूह कलाकारों के रूप में प्रभात पटेल, आदर्श मिश्र एवं प्रवीण साहू ने अपनी सशक्त प्रस्तुति से नाटक को और अधिक जीवंत बनाया। कार्यक्रम के संयोजन का दायित्व नीरज कुंदेर ने निभाया। प्रकाश परिकल्पना रजनीश कुमार जायसवाल, वस्त्र विन्यास प्रजीत कुमार साकेत तथा संगीत संयोजन हिमांशु मिश्र द्वारा किया गया। नाटक का लेखन एवं संगीत परिकल्पना रोशनी प्रसाद मिश्र द्वारा तथा इसकी परिकल्पना एवं निर्देशन शिव नारायण कुंदेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया।

CMYK